भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं॰1475

दिनांक 24.12.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

खुले में शौच मुक्त गांव

1475. श्री परिमल नथवानीः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वच्छ भारत मिशन ने हमारे गांवों को खुले में शौच मुक्त बनाने में किस हद तक मदद की है;

(ख) क्या सरकार स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए विभिन्न राज्यों को निधियां प्रदान कर रही है;

(ग) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान झारखंड और गुजरात राज्य सहित विभिन्न राज्यों को अब तक प्रदान की गई निधियों का राज्य–वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) स्वच्छ भारत मिशन के कार्यान्वयन में उन राज्यों का कार्य–निष्पादन कैसा रहा है?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) सरकार ने देश के सभी ग्रामीण परिवारों को शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराकर दिनांक 02 अक्तूबर, 2019 तक 100 प्रतिशत खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) भारत की प्राप्ति के लक्ष्य के साथ दिनांक 02 अक्तूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) (एसबीएम (जी)) की शुरूआत की है। दिनांक 02.10.2014 से 20.12.2018 तक एसबीएम (जी) के अंतर्गत 8,99,15,014 वैयक्तिक पारिवारिक शौचालय (आईएचएचएल) निर्मित किए गए हैं। दिनांक 02.10.2014 की स्थिति के अनुसार देश में स्वच्छता कवरेज 38.7 प्रतिशत था। यह दिनांक 20.12.2018 तक बढ़कर 97.64 प्रतिशत हो गया है और 5,37,038 गांवों को ओडीएफ घोषित किया जा चुका है।

(ख) जी, हाँ।

(ग) पिछले तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान एसबीएम (जी) के अंतर्गत जारी निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार केंद्रीय अंशदान **अनुलग्नक-1** पर है।

(घ) दिनांक 20.12.2018 की स्थिति के अनुसार एसबीएम (जी) की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्वच्छता कवरेज, निर्मित वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) की संख्या और ओडीएफ घोषित गांवों की संख्या **अनुलग्नक-2** पर है।

अनुलग्नक-1

दिनांक 24.12.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1475 के उत्तर के भाग (ग) में उल्लिखित विवरण

पिछले तीन वर्षों तथा वर्तमान वर्ष के दौरान एसबीएम (जी) के अंतर्गत जारी निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार केंद्रीय अंशदान

(करोड़ रु. में)

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19 (20.12.18 तक)
अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	3.40	3.00	30.72	0.00
आंध्र प्रदेश	234.17	342.21	1219.88	562.99
अरुणाचल प्रदेश	38.71	65.09	137.30	25.66
असम	474.27	747.58	1171.95	280.60
बिहार	221.55	131.86	875.92	2088.18
छत्तीसगढ़	144.72	584.46	677.83	224.25
दादर एवं नगर हवेली	0.00	0.00	17.68	0.00
दमन एवं दीव	0.00	0.00	2.00	0.00
गोवा	1.05	0.00	0.52	0.00
गुजरात	478.22	751.23	466.04	0.00
हरियाणा	32.76	68.79	39.66	70.24
हिमाचल प्रदेश	4.37	117.30	20.68	0.00
जम्मू एवं कश्मीर	4.05	59.51	202.38	278.37
झारखंड	97.32	455.46	698.66	376.48
कर्नाटक	450.77	419.56	983.39	369.86
केरल	8.50	196.28	59.36	12.47
मध्य प्रदेश	374.33	1210.77	1380.61	590.94
महाराष्ट्र	567.45	528.94	1235.34	1352.92
मणिपुर	44.19	27.28	77.02	37.53
मेघालय	35.65	75.70	153.89	0.00
मिजोरम	3.32	10.98	46.24	4.98
नागालैंड	10.83	64.12	71.41	0.00
ओडिशा	571.50	863.65	457.02	1052.27
पुडुचेरी	4.40	0.00	50.25	0.00
पंजाब	38.70	197.02	283.48	0.00
राजस्थान	938.73	777.30	981.51	373.50
सिक्किम	6.12	6.87	12.98	1.96
तमिलनाडु	78.94	537.02	865.94	225.65
तेलंगाना	128.39	135.72	481.94	515.05
त्रिपुरा	38.89	24.98	24.00	58.47
उत्तर प्रदेश	565.39	1153.33	3155.37	6592.64
उत्तराखंड	49.37	348.05	146.69	0.00
पश्चिमी बंगाल	712.92	655.50	583.23	127.06
कुल	**6362.96**	**10559.58**	**16610.88**	**15222.07**

अनुलग्नक-2

दिनांक 24.12.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1475 के उत्तर के भाग (घ) में उल्लिखित विवरण

दिनांक 20.12.2018 की स्थिति के अनुसार एसबीएम (जी) के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्वच्छता कवरेज, निर्मित आईएचएचएल की संख्या और ओडीएफ घोषित गांवों की संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	स्वच्छता कवरेज	निर्मित आईएचएचएल	ओडीएफ घोषित गांव
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	100.00	18535	192
2	आंध्र प्रदेश	100.00	3807367	18841
3	अरुणाचल प्रदेश	100.00	114828	5389
4	असम	99.21	3177163	22189
5	बिहार	92.13	9743089	16950
6	चंडीगढ	100.00	0	13
7	छत्तीसगढ़	100.00	3307460	18769
8	दादर एवं नगर हवेली	100.00	18758	69
9	दमन एवं दीव	100.00	1600	26
10	गोवा	76.22	28637	22
11	गुजरात	100.00	3175863	18261
12	हरियाणा	100.00	633610	6908
13	हिमाचल प्रदेश	100.00	172734	15921
14	जम्मू एवं कश्मीर	100.00	1077076	7565
15	झारखंड	100.00	3344395	29564
16	कर्नाटक	100.00	4191328	26931
17	केरल	100.00	226602	2027
18	लक्षद्वीप	100.00	0	9
19	मध्य प्रदेश	100.00	6288078	50228
20	महाराष्ट्र	100.00	5536074	40500
21	मणिपुर	100.00	243211	2556
22	मेघालय	100.00	209357	6028
23	मिजोरम	100.00	33988	695
24	नागालैंड	100.00	130781	1451
25	ओडिशा	75.71	5096976	17921
26	पुडुचेरी	100.00	28002	265
27	पंजाब	100.00	300297	13726
28	राजस्थान	100.00	7642969	42869
29	सिक्किम	100.00	4514	441
30	तमिलनाडु	100.00	4717339	12524
31	तेलंगाना	94.55	2804501	6887
32	त्रिपुरा	96.80	282481	732
33	उत्तर प्रदेश	100.00	17059261	97502
34	उत्तराखंड	100.00	478484	15473
35	पश्चिमी बंगाल	98.65	6019656	37594
	कुल	**97.64**	**8,99,15,014**	**5,37,038**